NATIONAL PUBLIC SCHOOL

KENGERI,BENGALURU

हिंदी दिवस कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया

नेशनल पब्लिक स्कूल, केंगेरी में दिनांक 9 सितम्बर 2025, मंगलवार को प्रातः 8:20 बजे से 9:00 बजे तक प्रार्थना सभा में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय "अनुशासन" रखा गया।

बच्चों ने कविता, भाषण, नाटक और गीत प्रस्तुत किए। इससे बच्चों ने यह विषय सीखा- सही उच्चारण और नए शब्द, मिलकर काम करना, अपने विचार और भावनाएँ व्यक्त करना, अनुशासन का महत्व समझा और बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा।

उनकी प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास, उत्साह और भाषा के प्रति प्रेम स्पष्ट दिखाई दिया।

इस अवसर पर हमारे माननीय प्रधानाचार्य, विभागाध्यक्ष , संयोजक और सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। विशेष रूप से प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

यह कार्यक्रम बच्चों के लिए शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक रहा तथा इस कार्यक्रम से हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और अनुशासन के महत्व को और गहरा किया।